दिन— बुधवार

दिनांक— 29/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से।

अवधि — 05 मिनट

---

प्रयागराज के महाकुंभ में मौनी अमावस्या के अवसर पर अब तक चार करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। पवित्र डुबकी के बाद श्रद्धालु घाटों पर अनुष्ठान और पूजा—अर्चना कर रहे हैं। अब भी लाखों श्रद्धालु वहां पहुंच रहे हैं। मेला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से स्नान के बाद अपने सेक्टर या जोन पर लौटने का आग्रह किया है। इधर, सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अर्धसैनिक बलों सहित पचास हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने श्रद्धालुओं से अफवाहों पर ध्यान न देने का आग्रह किया है।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि प्रयागराज के महाकुंभ में भगदड़ की घटना बेहद दुखद है। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में हादसे में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस हादसे में जिन श्रदालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। उन्होंने घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि महाकुंभ में हुए इस दुखद हादसे पर उन्हें गहरा दुख है।

---

रेलवे ने सोशल मीडिया पर चल रही उन अफवाहों का खंडन किया है, जिनमें कहा जा रहा है कि महाकुंभ के लिए कुछ विशेष ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रसार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने इन खबरों को पूरी तरह से निराधार और भ्रामक बताया।

---

मौनी अमावस्या के अवसर पर राज्य के विभिन्न भागों में श्रद्धालु गंगा और अन्य पवित्र नदियों में स्नान कर दान–पुण्य कर रहे हैं। इस अवसर पर बेगूसराय के सिमरिया गंगा धाम, बक्सर के रामरेखा घाट, भागलपुर के सुलतानगंज, मुंगेर के कष्टहरनी घाट, सारण के कनहारा घाट और पटना में गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालु की भारी भीड़ उमड़ रही है। इधर, पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर में पवित्र त्रिवेणी संगम पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था की डूबकी लगा रहे हैं।

————————————————————————

वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार चौबीस पर संसद की संयुक्त समिति ने आज मसौदा रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समिति की रिपोर्ट कल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी जाएगी। श्री पाल ने बताया कि जेपीसी ने विधेयक से संबंधित चौदह खंडों पर संशोधन को स्वीकार किया है। वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार चौबीस का उद्देश्य देश भर में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और विनियमन में सुधार करना है।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के दौरान कटिहार में लगभग एक सौ छियासठ करोड़ रूपये की लागत वाली एक सौ पैंतालीस योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों के साथ संवाद किया। श्री कुमार ने मनिहारी स्थित गोगा बिल झील का हवाई सर्वेक्षण कर जायजा लिया।

————————————————————————

दिनभर खिली धूप के कारण प्रदेश के विभिन्न भागों में ठंड में कमी दर्ज की गई है। हालांकि राज्य के उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान अभी भी दस डिग्री सेलिसयस से नीचे बना हुआ है। वहीं, हिमालय के तराई वालें क्षेत्रों में सुबह के समय मध्यम से घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चार दिनों तक मौसम में किसी बड़े परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद प्रदेश के विभिन्न भागों के तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

————————————————————————

मुंगेर के जमालपुर में रेल निर्माण संघर्ष मोर्चा से जुड़े कर्मियों ने जमालपुर –भागलपुर रेलखंड पर प्रदर्शन किया। इसके कारण लोकमान्य तिलक और इंटरसिटी एक्सप्रेस समेत कई गाड़ियों का परिचालन कुछ देर के लिए प्रभावित हो गया।

————————————————————————

शेखपुरा जिले में पांच पैक्सों में अध्यक्ष और कार्यकारिणी के सदस्यों के निर्वाचन के लिए आज मतदान हो रहा है। मतदान शांतिपूर्वक जारी है।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।